ESTD. 2001

STEPPING STONE SCHOOL (HIGH)

Class-IV

Subject- 2nd language (Hindi)

Date- 12.6.202

Topic- Handwriting

Worksheet-19 Time limit 30 minute

बच्चों, भेजे जा रहे गद्यांश को ध्यान से पढ़ें।

उसे हुबहू कागज़ के पृष्ठ पर उतारें, विराम चिन्हों का विशेष ध्यान रखें।

पुनः रेखांकित वर्तनी को अलग से कागज़ के पृष्ठ पर लिखें और अभ्यास करें।

जब कोई भी दरबारी पंडित की मातृभाषा नहीं बता सका तो उसने बादशाह अकबर से कहा, "हुजूर, मैं आपको एक सप्ताह का समय देता हूँ कि आपके दरबारी मेरी मातृभाषा बता दें, वरना हार मान लें।"

पंडित की बात सुनकर बादशाह ने बीरबल की तरफ देखा और बोले–"हमें स्वीकार है।"

बीरबल ने सबसे पहले पंडित के ठहरने का स्थान पता कर लिया। जब रात को वह पंडित गहरी नींद में सो रहा था तो बीरबल उसके कमरे में गया और घास के सूखे तिनके से पंडित का कान कुरेदने लगा। पंडित कुनमुनाया और फिर सो गया। बीरबल के दोबारा ऐसा करने पर पंडित नींद से जाग गया और क्रोधित होकर मराठी भाषा में बोलने लगा–"कौन है? मेरी नींद क्यों खराब करते हो?"

पंडित के जागने पर बीरबल छिप गया। पंडित को कमरे में कोई भी दिखाई नहीं दिया, तो वह फिर से सो गया। पंडित के दोबारा सोने के बाद बीरबल वहाँ से अपने घर लौट आया।

एक सप्ताह के बाद पंडित बादशाह अकबर के दरबार में आकर बोला, "जहाँपनाह! क्या तुम्हारे दरबारियों को पता चला कि मेरी मातृभाषा क्या है?" बीरबल बोला–"पंडित जी! मैं आपके प्रश्न का उत्तर देने को तैयार हूँ। आपकी मातृभाषा मराठी है।"

जवाब सुनकर पंडित आश्चर्यचकित हो गया और अपनी हार मानकर चुपचाप दरबार से चला गया।